# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्याः 162, दिनांकः 28—05—2025

### जनपद थाणे, महाराष्ट्र के थाना मुम्ब्रा में धोखाधड़ी के अभियोग में वांछित 04 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांकः 27—05—2025 को एस0टीएफ0एफ0 उत्तर प्रदेश को जनपद थाणे, महाराष्ट्र के थााना मुम्ब्रा में पंजीकृत मु0अ0सं0 915/2025 धारा 316(2), 316(5), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 352, 351(1), 3(5) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्तगण विजय कुमार, आषीष कुमार टण्डन उर्फ अमित कुमार, सलमान खान व राजन कुमार सिंह को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**अभियुक्तों का विवरणः—**

1— विजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 छोटे लाल गुप्ता नि0 वजीरगंज रूदौली, जनपद अयोध्या,

2— आशीष कुमार टण्डन उर्फ अमित कुमार पुत्र कैलाष नाथ टण्डन नि0 शक्ति अपार्टमेन्ट रूम नं0 505, फेज—1, मल्हौर चिनहट, लखनऊ।

3— सलमान खान पुत्र अफजारूल रहमान खान नि0 मिझौड़ा, जनपद अम्बेडकरनगर हाल पता शक्ति अपार्टमेन्ट, मल्हौर चिनहट, लखनऊ।

4— राजन कुमार सिंह पुत्र वीरेन्द्र प्रसाद सिंह नि0 फ्लैट नं0 902 ब्लाक—सी, ओमेगा ग्रीन पार्क, थाना सुषान्त गोल्फ सिटी, अयोध्या रोड, लखनऊ।

**गिरफ्तारी का दिनांक समय/स्थानः—**

दिनांक 27—05—2025 समय 15.30 बजे, जी—6—76, थानाक्षेत्र सुषान्त गोल्फ सिटी, कमिष्नरेट लखनऊ व शक्ति अपार्टमेण्ट अषरफ विहार कालोनी, थाना चिनहट कमिष्नरेट लखनऊ।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 24—05—2025 को क्रिप्टोकरेंसी व शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेण्ट के नाम पर अधिक लाभ का प्रलोभन देकर लोगों से ठगी करने के सम्बन्ध में थाना मुम्ब्रा, जनपद ठाणे, महाराष्ट्र में मु0अ0सं0—915/2025 धारा 316(2), 316(5), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 352, 351(1), 3(5) बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत हुआ। इस ठगी में संलिप्त अभियुक्तगण विजय कुमार, आषीष कुमार टण्डन उर्फ अमित कुमार, सलमान खान व राजन कुमार सिंह की गिरफ्तारी हेतु थाना मुम्ब्रा पुलिस द्वारा एस0टी0एफ0, उ0प्र0 से सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गयी, जिसके क्रम में पुलिस उपाधीक्षक श्री प्रमेष कुमार शुक्ल, एस0टी0एफ0 मुख्यालय लखनऊ की टीम में नियुक्त निरी0 श्री शैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में मु0आ0 कवीन्द्र साहनी, मु0आ0 मुनेन्द्र सिंह, मु0आ0 यषवन्त सिंह, मु0आ0 वीर प्रताप, मु0आ0 अजीत सिंह व अयोध्या इकाई के उ0नि0 सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में मु0आ0, अन्जनी यादव, मु0आ0 रजनीष सिंह, मु0आ0 विमलेन्द्र मोहन मिश्रा, मु0आ0 कमाण्डो राजकुमार की गठित टीम द्वारा जनपद लखनऊ के अलग—अलग थानाक्षेत्रों में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

दिनांक 27—05—2025 को अभिसूचना संकलन के दौरान एस0टी0एफ0 मुख्यालय की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तगण में से एक अभियुक्त

राजन कुमार सिंह जी–6–76 अंसल, थानाक्षेत्र सुषान्त गोल्फ सिटी, कमिष्नरेट लखनऊ मे मौजूद है। इसी प्रकार अयोध्या इकाई की टीम को सूचना प्राप्त हुयी की उपरोक्त अभियोग में वांछित अन्य तीन अभियुक्तगण विजय कुमार, आषीष कुमार टण्डन उर्फ अमित कुमार व सलमान खान शक्ति अपार्टमेण्ट अषरफ विहार कालोनी, थाना चिनहट कमिष्नरेट लखनऊ में मौजूद है। यदि शीघ्रता की जाये तो पकडे जा सकते है। इस सूचना पर विश्वास कर एस0टी0एफ0 मुख्यालय लखनऊ व अयोध्या इकाई की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुम्ब्रा पुलिस को लेकर अलग–अलग गन्तव्य स्थान पर पहुॅचकर उपरोक्त अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूंछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने बताया कि हम लोगों के द्वारा मुम्बई में टैलविन नाम की एक फर्जी शेयर ट्रेडिंग कम्पनी बनायी गयी थी। हम लोगों के द्वारा व कम्पनी के अन्य लोगों के द्वारा क्रिप्टोकरेंसी/शेयर में इन्वेस्टमेण्ट के नाम पर अधिक रिर्टन दिये जाने का लालच देकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इन्वेस्टमेण्ट करने हेतु बताया जाता था, जिसके सम्बन्ध में कम्पनी द्वारा कई जगहों पर सेमिनार भी आयोजित किये जाते थे तथा यह बताया जाता था कि यदि आप के द्वारा अधिक समय के लिये इन्वेस्टमेण्ट किया जाता है तो आपको ज्यादा रिटर्न/बोनस मिलेगा। सेमिनार में आने वाले लोगों को यह भी बताया जाता था कि पूर्व में कई ग्राहको को कम्पनी द्वारा अच्छा रिटर्न दिया गया है। कम्पनी के लोगों के द्वारा बतायी गयी बातों में आकर कई लोगों के द्वारा कम्पनी में इन्वेस्टमेण्ट कर दिया गया। ग्राहकों से इन्वेस्टमेण्ट प्राप्त होने के उपरांत इन लोगों के द्वारा कम्पनी को बंद कर दिया गया तथा लोगों का पैसा लेकर फरार हो गये, जिसके सम्बन्ध में थाना मुम्ब्रा जनपद ठाणे, महाराष्ट्र पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ, जिसमें यह लोग भाग कर लखनऊ आ गये थे तथा लुक छिप कर रह रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों में से अभियुक्त राजन कुमार सिंह उपरोक्त को थाना सुषान्त गोल्फ सिटी, कमिष्नरेट लखनऊ पर दाखिल किया गया एवं अन्य अभियुक्त विजय कुमार, आषीष कुमार टण्डन उर्फ अमित कुमार, सलमान खान को थाना चिनहट, कमिष्नरेट लखनऊ पर दाखिल किया गया। थाना मुम्ब्रा पुलिस द्वारा अभियुक्तों का नियमानुसार ट्राजिस्ट रिमाण्ड प्राप्त कर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा रही है।